प्रादेशिक समाचार

25.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राजधानी रांची समेत राज्य भर में आज होली का उल्लास चरम पर है। धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो समेत अन्य जिलों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। चारों ओर होली की धूम के बीच परंपरागत उल्लास के साथ लोग इस त्योहार को मना रहे हैं। होली के अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी होली की पूर्व संध्या पर कल लोगों को शुभकामनाएं दी।

****

पाकुड़ में आज होली का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जवानों तथा अधिकारियों के साथ होली मनायी। पुलिस अधीक्षक आवास पर जवानों और अधिकारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। फगुआ गीतों पर लोगों ने नाचा गया। जिले के कई हिस्सों में होली धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने होली के मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पाकुड़ में कल 26 मार्च को भी होली मनाया जाएगा।

****

रामगढ़ में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहरी लोगों के विपरीत ग्रामीण इलाकों में लोग पलाश के फूलों से तैयार की गयी रंग से होली मना रहे हैं।

****

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर रांची जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। चुनाव के दौरान किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए आर्म्स लाइसेंस धारियों से उनके हथियार वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर थाना स्तर से आर्म्स लाइसेंस धारियों को हथियार जमा करने को कहा गया है। आर्म्स लाइसेंस धारी इस कोशिश में हैं कि उन्हें अपने हथियार जमा न करना पड़े इसके लिए कई लोगों ने आवेदन दिया है। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और प्रतिष्ठान की सुरक्षा समेत अन्य कारणों का हवाला देते हुए जिला शस्त्र दंडाधिकारी के पास लोग यह आवेदन दे रहे हैं कि उनका हथियार चुनाव के दौरान जमा न कराया जाए।

****

सिमडेगा की पूर्व विधायक सह राज्य की पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने अपने आवास में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कांग्रेस द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोप का खंडन किया। उन्होंने कहा कि खाता फ्रीज के मामले में कांग्रेस भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। कहा कि कांग्रेस ने टैक्स जमा नहीं किया इस कारण बैंक ने कांग्रेस के खाते को फ्रीज किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह चलन बन गया है कि हर एक घटना के लिए वह भाजपा को जिम्मेवार बता रही है। हाल के दिनों में दिल्ली के मुख्यमंत्री पर कार्रवाई हुई तो इसके लिए भी भाजपा को दोषी बताया गया। जबकि यह सामान्य न्यायिक प्रक्रिया है। केजरीवाल लंबे समय से जांच एजेंसियों के रडार पर थे।

****

राज्य के कई जिलों में आज बारिश की संभावना है। रांची में दोपहर से आसमान में बादल छाए हुए हैं और तेज हवा के साथ हल्की वर्षा हो रही है। जामताड़ा और बोकारो में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भागों में गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने यहां यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश की वजह से प्रदेश के तापमान में गिरावट आएगी।

****

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 17वें सीजन में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त*******